परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय , मैसूर

(2025 - 26)

कक्षा- पाँचवी (5) विषय - हिंदी

नाम: -------------------------------- अनुक्रमांक :---------- दिनांक :----------

***************************************************

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखो**

**`सरदार वल्लभभाई पटेल का बचपन गांव में बीता था. उनके गांव में कोई अंग्रेजी स्कूल नहीं था. इसलिए गांव के बच्चे रोज 10 - 11 किलोमीटर पैदल चलकर दूसरे गांव में पढ़ने जाते थे. 1 दिन छात्रों की टोली निकली तो उन्होंने देखा कि उनमें से एक छात्र कम है. बल्लभ भाई पीछे रह गए थे .लड़कों ने मुड़कर देखा तो पाया कि वे खेत की मेड पर किसी चीज को उखाड़ रहे हैं .साथियों ने दूर से ही आवाज दी कि क्या हुआ .वल्लभ भाई ने कहा -जरा यह पत्थर हटा लो तो आता हूं .साथियों को ध्यान आया कि खेत की मोड़ पर एक नुकीले पत्थर से कई बार उन्हें ठोकर लग चुकी थी पर आज तक किसी ने उसे नहीं हटाया. वल्लभभाई ने जब पत्थर हटा लिया तो साथियों के साथ चलते हुए बोले .रास्ते किस पत्थर से कितनों को ठोकर लगी होगी ऐसी चीज को हटा ही देना चाहिए. सारे बच्चे उन्हें आश्चर्य से देख रहे थे कि उन्होंने दूसरों के बारे में सोचा**

**क) किसका बचपन गांव में बीता?**

**ख) गांव के बच्चे पढ़ने के लिए दूसरे काम क्यों जाते थे ?**

**ग)  सरदार बल्लभ भाई पीछे क्यों रह गए थे ?**

**घ)  नुकीला पत्थर हटाने का क्या कारण था?**

**ङ)   सरदार वल्लभभाई ने खेत के मोड से नुकीला पत्थर क्यों हटाया?**

**च)  दिए गए शब्द से वाक्य बनाओ**

**पत्थर-**

**पैदल--**

**छ)  विलोम अर्थ लिखो**

**गांव  X                पीछे X**

**ज)  वाक्य पूरा करो**

**उनके गांव में** ------------------------ **स्कूल नहीं था**

**झ)  खेत की मोड़ पर एक ---------------पत्थर से कई बार उन्हें ठोकर लग चुकी थी।**

**प्रश्न- 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**हमारी यह धरती भी इसी तरह खूब बड़ी गुल्लक है । मिट्टी की बनी इस विशाल गुल्लक में प्रकृति वर्षा के मौसम में खूब पानी बरसाती है तब रुपयों से भी कई गुना कीमती इस वर्षा को हमें इस बड़ी गुल्लक में जमा कर लेना चाहिए । हमारे गांव में ,शहर में, छोटे-बड़े तालाब आदि हैं । वे धरती की गुल्लक में पानी भरने का काम करते हैं । इन में जमा पानी ,जमीन के नीचे छिपे जल के भंडार में धीरे-धीरे रिसकर, छनकर मिलता है । इससे हमारा भूजल भंडार समृद्ध होता है । पानी का यह खजाना हमें दिखता तो नहीं है लेकिन इसी खजाने में हम बरसात का मौसम बीत जाने के बाद पूरे साल भर तक अपने उपयोग के लिए घर में ,खेतों में ,पाठशाला में पानी निकाल सकते हैं ।**

**क) हमें इस कीमती गुल्लक में क्या जमा कर लेना चाहिए?**

**ख) धरती की गुल्लक में पानी भरने का काम कौन - कौन करते हैं ?**

**ग) पानी जमीन के नीचे भंडार में कैसे जा मिलता है?**

**घ) वाक्य बनाओ**

**गुल्लक**

**मिट्टी**

**ङ) अर्थ लिखो**

**कीमती**

**धरती**

**च) पर्यायवाची शब्द लिखो।**

**धरती**

**छ) सही विकल्प पर सही का निशान लगाओ।**

**i) मिट्टी की बनी इस विशाल गुल्लक में प्रकृति कौन से मौसम में खूब पानी बरसाती है ?**

**गर्मी सर्दी वर्षा**

**ii) धरती की गुल्लक में पानी भरने का काम कौन कौन करते हैं ।**

**छोटे-बड़े तालाब पहाड़ पत्ते**

**3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

बात सभी ने यह है मानी।

हवा सुबह की बड़ी सुहानी।

सदा ताज़गी देती है यह।

आलस को हर लेती है यह ॥

यह रोगी न होने देती।

तनिक न सेहत खोने देती।

सुबह सैर पर जाकर देखो।

हवा निराली पाकर देखो।

अगर सैर पर नित जाओगे।

अच्छी सेहत तुम पाओगे।

**सही विकल्प पर सही का निशान लगाओ।**

**(क) इस कविता में किसका गुणगान किया गया है?**

(i) सुबह की ताज़गी भरी हवा का

(ii) सुबह-सुबह योगाभ्यास करने का

(iii) सुबह-सवेरे कसरत करने का

(iv) इन सभी का

**(ख) सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है?**

(i) सुबह की हवा ताज़गी देती है।

(ii) यह स्वस्थ रखती है।

(iii) यह अच्छी सेहत देती है।

(iv) उपर्युक्त सभी

**(ग) सुबह सैर पर जाने से क्या लाभ मिलेगा?**

(i) व्यक्ति धनवान बनेगा ।

(ii) अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा

(iii) अच्छे दोस्त बनेंगे

(iv) इनमें कोई नहीं

**घ) इस कविता का सबसे उपयुक्त शीर्षक होगा**

(i) सुबह की हवा

(ii) सुबह की सैर

(iii) अच्छी सेहत एक वरदान

(iv) आलस्य दूर भगाने का मंत

**ङ) कविता की पंक्तियां पूरी करो**

हवा —------------------ पाकर देखो।

अगर —----------------- पर नित जाओगे।

**4. उचित विराम चिन्ह लगाइए।**

i) अरे वाह आपने तो नई गाड़ी भी खरीद ली

ii) प्रसाद ने कविता कहानी नाटक तथा दो उपन्यास भी लिखे

iii) आज आप कहाँ जा रहे हैं

iv) रमेश पढ़ने स्कूल गया

v) मुझे सेब,केले और आम पसंद हैं

vi) वाह यह कितना सुंदर है

vii) मु झे तीन चीज़ों की आवश्यकता है किताब पेन और रबर

viii) गाँधी ने कहा हमेशा सत्य बोलो

ix) हे राम यह क्या हो गया

x) हिमालय से कई नदियाँ निकलती है

**5.दिए गए गद्यांश परउचित विराम चिन्ह लगाइए।**

उसी समय एक खोमचेवाला जाता दिखाई दिया 11 बज चुके थे चारों तरफ़ सन्नाटा छा गया था पंडित जी ने बुलाया खोमचेवाले खोमचेवाला कहिए क्या दूँ भूख लग आई न अन्न-जल छोड़ना साधुओं का काम है हमारा आपका नहीं। मोटेराम! अबे क्या कहता है यहाँ क्या किसी साधु से कम हैं? चाहें तो महीने पड़े रहें और भूख न लगे तुझे तो केवल इसलिए बुलाया है कि ज़रा अपनी कुप्पी मुझे दे देखूँ तो वहा क्या रेंग रहा है मुझे भय होता है

**6. संदर्भ के अनुसार सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।**

1. जंगल में _______ को देखकर वह डर गया। (बाग/बाघ)

2. हमें हमेशा ________ दुखियों की मदद करनी चाहिए। (दिन/दीन)

3. गीता ने कल एक नई ________ खरीदी।     (सास/शाल)

4. बच्चे स्कूल से अभी तक नहीं ________।     (लौटे/लोटे)

**7. दिए गए वाक्य शुद्ध करो।**

i) एक गुलाब की माला खरीद  लेनी है।

ii) सुरेश के लिए पत्र लिखनी हैं।

iii)  बच्चे मैदान में खेल रहा है।

iV)  हमें अपनी माता-पिता का आदर करना चाहिए।

v)  मैं बाजार जा रहे हैं।

vi)  बगीचे में बहुत सारे फूल खिला है।

vii) आज का दिन बहुत अच्छी है।

ix)  मेरा नई कार आया है।

x)  हमारा शिक्षक बहुत अच्छा है।

**8.शब्दों को उलट पलट कर वाक्य सही करो।**

i**) परीक्षा**/ कठिन / आज /थी / की

ii) जाऊंगा / पिताजी/ साथ/ घूमने/ के/ मैं

iii) चमकते/  में / अच्छे / चांदनी/  लगते  / हैं/ रात

iv)मेहनत / मिलती / सफलता / हमें/ से / करने/ है

v) चाहिए / करना/हमें / सभी/ बड़ों /का /आदर

**9.दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर संज्ञा , सर्वनाम, विशेषण और क्रिया छाँट कर लिखो।**

खेल शारीरिक और मानसिक रूप दोनों के लिये ही महत्त्वपूर्ण होते है। मेरा प्रिय खेल बैडमिंटन है। इसमें एक रैकेट और खेलने के लिये प्लास्टिक का या तो पक्षी के पंख का कोक होता है। इसे खेलने में बड़ा मज़ा आता है। हम रैकेट से कोक मारते है और फिर दूसरे खिलाड़ी को उसे फिर हमे मारकर लौटाना होता है। इसमें बैडमिंटन टच और बॉडी टच के द्वारा दूसरे खिलाड़ी को हराया जाता है। यह खेल अधिकतर शीत ऋतु में खेला जाता है। मुझे यह खेल खेलने में बहुत मज़ा आता है।

संज्ञा

सर्वनाम

विशेषण

क्रिया

10. I) अपने और अपने साथियों के बीच हुए किसी त्योहार के बारे में चार-चार संवाद लिखिए।

II)  मां और बेटे के बीच में हुई किसी बातचीत के लिए चार-चार संवाद लिखिए।

**10.  चित्र देखकर10 वाक्य लिखो।**

